RNI NO. - CHHHIN/2011/38292

13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 14 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह

Bharatsamman.com | Bharat samman | Bharat Samman

हो जाओ सावधान



वर्ष-14 अंक-25 | अम्बिकापुर, शनिवार, 04 मई 2024 | कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# नामांकन के बाद सोशल मीडिया पर राहुल प्रियंका ने दिखाई भावुकता

**रायबरेली।** कांग्रेस का गढ़ कही जाने वाली परम्परागत सीट रायबरेली पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। देश भर की मीडिया दो दिनों से राहुल के नामांकन को लेकर रायबरेली में डटी रही मगर नामांकन के लिए राहुल गांधी के साथ आये गांधी परिवार के किसी सदस्य ने बिना कोई बयान दिये ही वापस जाना उचित समझा। हालांकि रायबरेली से उड़ान भरने के बाद रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी व प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया के एक्स एकाउंट पर भावुक पोस्ट किए।

राहुल गांधी ने लिखा  रायबरेली से नामांकन मेरे लिए भावुक पल था ! मेरी मां ने मुझे बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी है और उसकी सेवा का मौका दिया है। अमेठी और रायबरेली मेरे लिए अलग-अलग नहीं हैं, दोनों ही मेरा परिवार हैं और मुझे खुशी है कि 40 वर्षो से क्षेत्र की सेवा कर रहे किशोरी लाल जी अमेठी से पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे।अन्याय के खिलाफ चल रही न्याय की जंग में, मैं मेरे अपनों की मोहब्बत और उनका आशीर्वाद मांगता हूं। मुझे विश्वास है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में आप सभी मेरे साथ खड़े हैं।



### प्रियंका वाड्रा ने भी एक्स पर लिखा

कुछ दिनों पहले मां ने कहा था, मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर पूरा होता है। ऐसा परिवार, जिसने कई पीढ़ियों को अपने में मिला लिया; जो दशकों तक हर उतार-चढ़ाव, सुख-दुख, संकट और संघर्ष में चट्टान की तरह हमारे साथ खड़ा रहा। यह स्नेह और भरोसे का रिश्ता है। यह सेवा और आस्था का रिश्ता भी है जो आधी सदी से अटूट है।

हमें यहां के लोगों से जितना प्यार, जितनी आत्मीयता और सम्मान मिला है, वह अनमोल है। परिवारिक रिश्ते की सबसे बड़ी सुंदरता ये होती है कि आप चाहकर भी कभी उसके स्नेह का कर्ज नहीं उतार पाते। इस मुश्किल वक्त में, जब हम देश के लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, तो इस लड़ाई में भी हमारा पूरा परिवार दृढ़ता से हमारे साथ खड़ा है। आज हजारों परिवारजनों की मौजूदगी में बड़े भाई राहुल जी ने अपना चुनाव नामांकन दाखिल किया।

### नामांकन करने के बाद राहुल गांधी ने की पूजा-अर्चना

**रायबरेली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने के बाद पार्टी कार्यालय पहुंचे और पूजा-पाठ किया। इस दौरान उनके साथ उनका पूरा परिवार भी मौजूद था। यहां पर नामांकन से पहले पूजा करने की परंपरा सोनिया गांधी ने 2004 में शुरू की थी। राहुल गांधी ने भी इस परंपरा को निभाया। सोनिया गांधी ने सबसे पहले 1999 में अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन 2004 में राहुल गांधी के लिए सीट छोड़ दी तब से वह रायबरेली लोकसभा सीट से सांसद थीं। इस बार राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद उनकी सीट पर राहुल गांधी ने नामांकन दाखिल किया है।

## झारखंड को भ्रष्टाचार और जंगल राज की आग में झोंकने वालों को सजा देने के लिए जनता हमें आशीर्वाद दे: पीएम मोदी

**चाईबासा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को चाईबासा में चुनावी महारैली को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड को भ्रष्टाचार और जंगल राज की आग में झोंकने वालों को सजा जरूर मिलनी चाहिए। यह काम हम करेंगे और इसके लिए हमें झारखंड की जनता के आशीर्वाद की जरूरत है।

पीएम मोदी ने लोगों से सिंहभूम सीट पर भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा और खूंटी सीट पर अर्जुन मुंडा की जीत के लिए वोट मांगे।

पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि ये लोग दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों का आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। कांग्रेस धर्म के आधार पर इनका आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है, लेकिन, हम ऐसा नहीं होने देंगे। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने रातों-रात फतवा जारी कर मुसलमानों को ओबीसी बना दिया और इस तरह असली ओबीसी के आरक्षण पर डाका डाल दिया।

उन्होंने चुनौती के लहजे में कहा कि जब तक मोदी जिंदा है, किसी को आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों का आरक्षण नहीं छीनने देंगे। बाबा साहेब अंबेडकर का बनाया संविधान नहीं बदलने देंगे, यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने झारखंड में जेएमएम के नेतृत्व वाली सरकार पर राज्य के संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सिर्फ वोट बैंक की भूख में इस सरकार ने घुसपैठियों को छूट दे रखी है। उनकी वजह से यहां की बहू-बेटियों की इज्जत पर खतरा पैदा हो रहा है। झामुमो इस राज्य में उसी कांग्रेस की गोद में जाकर बैठ गया, जिसने अलग झारखंड राज्य का विरोध किया। मौजूदा सरकार में आदिवासियों की सरेआम हत्या हो रही है। व्यापारियों को फिरौती के लिए धमकी भरे क़ॉल आते हैं और सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने हेमंत सोरेन का नाम लिए बगैर लोगों से पूछा कि झारखंड को भ्रष्टाचार और जंगल राज में झोंकने वालों को सजा मिलनी चाहिए कि नहीं? आपका हक लूटने वालों को सजा देने के लिए हमें आपके आशीर्वाद की जरूरत है। इंडी गठबंधन ने झारखंड की पहली महिला राज्यपाल और आदिवासी समाज से आनेवाली द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने का विरोध किया। इन्हें आदिवासियों का सम्मान पसंद नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि इस चुनाव में एक ओर आदिवासी विरोधी मानसिकता वाली कांग्रेस है, तो, दूसरी तरफ हमारे लिए आदिवासियों का विकास पहली प्राथमिकता है। आदिवासियों के विकास के लिए अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने सबसे पहले जनजातीय समाज के लिए अलग मंत्रालय बनाया। अलग से बजट दिया, जिससे आदिवासियों का विकास हो रहा है। जनजातीय भाषाओं में शिक्षा देने का फैसला भी बीजेपी ने ही किया। कांग्रेस ने तो आदिवासी इलाकों को अपने हाल पर छोड़ दिया था। बीते दस वर्षों में बीजेपी सरकार ने आदिवासी समाज के लिए अनेक कदम उठाए हैं। हमारे प्रयास से झारखंड में 18 लाख लोगों को मकान मिले हैं। 33 लाख घरों को पानी का कनेक्शन दिया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने आम नागरिकों की संपत्ति की जांच की घोषणा की है, तो दूसरी तरफ वह चोरों की संपत्ति की जांच का विरोध करती है। वह आपकी संपत्ति छीनकर उन्हें देना चाहती है, जिन्होंने वोट जिहाद की घोषणा की है। कांग्रेस देश की संपत्ति पर मुसलमानों का पहला अधिकार बताती है और मोदी कहता है कि देश की संपत्ति पर पहला हक गरीबों, वंचितों, दलितों का है।



## लोकसभा चुनाव 2024: राहुल गांधी की संपत्ति जान आप रह जाएंगे हैरान

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने आखिरकार रायबरेली से राहुल गांधी को चुनाव मैदान में उतार दिया। रायबरेली से राहुल गांधी ने शुक्रवार को पर्चा दाखिल किया। इस प्रकिया में उन्होंने अपनी संपत्ति का खुलासा भी किया है। राहुल गांधी ने अपनी कुल संपत्ति 20 करोड़ रुपए बताई है। इसमें नौ करोड़ रुपए की चल संपत्ति है और 11 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। राहुल गांधी ने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से एमफिल की डिग्री हासिल की है। राहुल गांधी के प्रस्तावकों में पंकज तिवारी, मोहम्मद इलियास उर्फ मन्नी, सुशील कुमार पासी और अजयपाल सिंह है।

वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने अपनी वार्षिक आय 22 लाख रुपए से अधिक बताई है। इसके अलावा उन्होंने अपनी चल



संपत्ति एक करोड़ रुपए से अधिक और पत्नी की चल सम्पति 34 लाख के ऊपर दर्शायी है। अचल संपत्ति दो करोड़ रुपए की है। दिनेश प्रताप सिंह की उच्चतम शिक्षा स्नातक है। दिनेश प्रताप सिंह के प्रस्तावक बुद्धिलाल पासी, सतेंद्र कुमार, अंजली मौर्य और गिरीश नारायण पांडे है।

### रायबरेली का बदल गया है समीकरण

भाजपा से चुनाव लड़ रहे दिनेश प्रताप सिंह को 2019 में सोनिया गांधी ने शिकस्त दी थी। उस समय दिग्गज नेता अदिति सिंह कांग्रेस में थी ओर मनोज पांडे सपा से विधायक थे। उस समय गठबंधन था। इस बार यह स्थिति बदल गई है। मनोज पांडे बागी हैं और आदिति सिंह ने भाजपा का दामन थाम लिया है। अब देखना यह है कि रायबरेली की क्या राय बनती है?

## भरूच में प्रचार नहीं करूंगी: मुमताज पटेल



**नवसारी।** नवसारी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नैषध देसाई के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहीं कांग्रेस के दिवंगत नेता अहमद पटेल की बेटी मुमताज पटेल ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वो भरूच में प्रचार करने नहीं जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुखद है कि आजादी के बाद पहली बार भरूच सीट से कांग्रेस का कोई उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ रहा है। यह सीट गठबंधन में आम आदमी पार्टी को गई है। मुमताज पटेल ने कहा कि जो गठबंधन हुआ है, उस पर भी विश्वास करना होगा और हम इसे स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे उपदेश देने के लिए नहीं बुलाया गया है। मैं फिलहाल केवल कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए प्रचार कर रही हूं। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के लिए नहीं। चैतर वसावा के समर्थन में चुनाव प्रचार करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्होंने मेरा समर्थन नहीं मांगा है। भाजपा पर निशाना मुमताज पटेल ने कहा कि चुनाव आते ही धर्म की राजनीति शुरू हो जाती है। अगर हमारे देश ने तरक्की की है तो हमें मंगलसूत्र, हिंदू-मुस्लिम पर आने की क्या जरूरत है। आज देश की जनता काफी तकलीफ में है। दूसरे दलों के लोगों को प्रचार करने से रोका जा रहा है। भाजपा ने नवसारी से गुजरात भाजपा अध्यक्ष सी आर पाटिल को मैदान में उतारा है। वो 2009 से यहां से चुनाव जीतते आ रहे हैं। ये सीट भाजपा का गढ़ माना जाता है।





आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

**भारत सम्मान**

**इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें**

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

**इन पदों में होंगे नियुक्त...**

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 09303890212 पर भेजे।

**नोट**

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS


## संपादकीय

### सोशल मीडिया पर वीडियो बनाने के दौरान आए दिन युवाओं की जा रही जान, घटनाओं से सबक लेने की जरूरत

अपनी दिलचस्पी या फिर खुशी के लिए कुछ अलग करने का शौक सामान्य तौर पर सकारात्मक माना जाता है। मगर इस तरह के शौक में कोई अपना विवेक या सूझ-बूझ की क्षमता ही खो दे, तो यह न सिर्फ एक बेमानी चलन की भेड़चाल में शामिल होना है, बल्कि जानलेवा जोखिम को न्योता देना भी है। जब से स्मार्टफोन के साथ हर हाथ में कैमरा पहुंचा है, तब से काफी लोगों के भीतर एक विचित्र-सी मनोदशा का विकास होता देखा जा सकता है, जिसमें वे मौके-बेमौके बिना किसी मायने के अपनी तस्वीरें उतारते रहते हैं। इसका विस्तार सोशल मीडिया पर खुद को अभिव्यक्त करने के रूप में हुआ और हर वक्त अपनी तस्वीर या फिर वीडियो बना कर प्रसारित कर देना मानो किसी जरूरी काम की तरह देखा जाने लगा। विडंबना यह है कि इस शौक ने विवेक को जिस बुरी तरह प्रभावित किया, उसका खमियाजा केवल आपसी व्यवहारों के स्तर पर नहीं उठाना पड़ा, बल्कि इस वजह से मौत की घटनाएं भी बढ़ती गई हैं। आए दिन ऐसी खबरें आती हैं कि सोशल मीडिया पर रील के आकर्षण में वीडियो बनाने की कोशिश में हादसे का शिकार होकर किसी युवा की जान चली गई। ये नाहक और बिना किसी कारण के होने वाली मौतें हैं, जिनके पीछे महज विवेकशून्य होकर अपने किसी शौक को पूरा करने की भूख मुख्य वजह है। हरिद्वार में बुधवार को बीस वर्ष की एक छात्रा ने रेल की पटरी पर रील बनाने की कोशिश की और उसी समय आई ट्रेन की चपेट में आ गई। उसकी जान चली गई। जिस बच्ची को अभी पढ़ाई-लिखाई करनी थी, खेलना-कूदना था और भविष्य बेहतर बनाने के सपने देखने थे, वह सिर्फ रील बनाने के शौक में मारी गई। इस तरह की घटनाओं का एक सिलसिला-सा चल पड़ा है। ऐसा लगता है कि विवेक का उपयोग करने के बजाय इस तरह की भेड़चाल में शामिल हो गए लोगों के पास सही वक्त पर फैसला लेने की क्षमता भी नहीं बचती और इसी क्रम में वे किसी जानलेवा हादसे का शिकार हो जाते हैं। आधुनिक तकनीकों की उपयोगिता हमारी जीवन-स्थितियों में गुणात्मक सुधार लाती है, लेकिन बेलगाम और गैरजरूरी तरीके से इसके इस्तेमाल में डूब जाना वक्त बर्बाद करने का जरिया बनने से लेकर जानलेवा तक साबित हो सकता है।

# बस्तर में नक्सलियों की टूटी कमर

# 4 महीने में 91 से अधिक नक्सली ढेर

## 205 गिरफ्तार, 231 माओवादियों ने किया समर्पण, कई आधुनिक हथियार भी बरामद




**जगदलपुर।** पिछले 4 दशकों से बस्तर नक्सलवाद का दंश झेल रहा है. बस्तर में 80 से अधिक सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित हैं. बावजूद बस्तर से नक्सलवाद पूरी तरीके से खत्म नहीं हो पाया है. हालांकि पिछले 3 दशकों में 2024 नक्सलियों के लिए घातक साबित हुआ है. सुरक्षा बलों ने चार महीनों में 91 से अधिक नक्सलियों को मार गिराया है और सभी नक्सलियों की बॉडी भी बरामद कर ली है. वहीं मुठभेड़ में 100 से अधिक हथियार बरामद किए गए हैं।

इस साल 205 माओवादियों की गिरफ्तारी और 231 नक्सलियों ने नक्सलवाद छोड़ मुख्यधारा में जुड़े हैं. देखा जाए तो 2024 में नक्सलियों की कमर टूट गई है. कई बड़े कैडर के नक्सलियों को सुरक्षा बलों ने ढेर कर दिया है, जिसमें बड़े नाम के तौर पर डीव्हीसीएम शंकर राव, अशोक, जोगन्ना शामिल हैं. सभी इनामी नक्सलियों को मिलाकर अब तक 1 करोड़ 80 लाख से अधिक ईनामी नक्सलियों को ढेर कर दिया गया है. वहीं इन मुठभेड़ में कई आधुनिक हथियार भी बरामद किए गए हैं, जिसमें दो एलएमजी, चार एके 47 , तीन इंसास, एक एसएलआर, चार 3नॉट3 और कई भरमार बंदूक के साथ भारी मात्रा में विस्फोटक समान शामिल हैं।

दरअसल नक्सलियों का टीसीओसी का महीना चल रहा है और टीसीओसी टैक्टिकल काउंटर अफेंसिव कैंपेन में माओवादी अपने नए लड़कों को ट्रेनिग देते हैं और जवानों से मुठभेड़ कर प्रेक्टीकली नए लड़कों को एम्बुस लगाना, जवानों को नुकसान पहुंचाना, हथियार लुटाना सिखाते हैं. यही वजह रही कि माओवादियों के इस माह में जवानों को अधिक नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन 2024 में इसके उलट परिणाम देखने को मिल रहा है. पहली बार नक्सलियों को टीसीओसी माह में भारी चोट पहुंची है। बस्तर में अब तक जितनी भी बड़ी घटनाएं हुई है वे सभी टीसीओसी के समय में ही हुई है. ताड़मेटला से लेकर झीरम हत्या कांड तक मीनपा से लेकर टाहकवादा तक सभी घटनाओं को नक्सली टीसीओसी के समय ही अंजाम दिए हैं.

### टीसीओसी के दौरान हुई प्रमुख घटनाएं

26 अप्रैल 2023 में दंतेवाड़ा के अरनपुर में आईडी ब्लास्ट से 10 डीआरजी जवान के साथ एक ड्राइवर की शहादत.

3 अप्रैल 2021 बीजापुर जिले में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 22 जवान शहीद हुए.

23 मार्च 2021 नारायणपुर के कोहकामेटा आईईडी ब्लास्ट में पांच जवान शहीद.

21 मार्च 2020 सुकमा के मीनपा हमले में 17 जवान शहीद हुए.

25 अप्रैल 2017 सुकमा के बुर्कापाल बेस कैंप पर हमले में सीआरपीएफ के 32 जवान शहीद हुए.

6 मई 2017 सुकमा के कसालपाड़ हमले में 14 जवानों की शहादत हुई.

मार्च 2017 सुकमा के भेज्जी हमले में सीआरपीएफ के 11 जवान शहीद हुए थे.

12 अप्रैल 2015 दरभा में पांच जवान शहीद हुए, एंबुलेंस ड्राइवर और स्वास्थ्य कर्मी की मौत हुई.

11 मार्च 2014 टाहकावाड़ा नक्सली हमले में 15 जवानों की शहादत हुई.

25 मई 2013 झीरम घाटी हत्याकांड में 30 से अधिक कांग्रेसी नेता और जवान शहीद हो गए थे.

6 अप्रैल 2010 ताड़मेटला हमले में सीआरपीएफ के 76 जवानों की शहादत हुई थी.

## बेटी की पिटाई कर रहे शराबी दामाद को टोकना सास को पड़ा भारी, गला घोंटकर की हत्या




**कवर्धा।** रोज-रोज बेटी को शराबी दामाद के हाथों पिटाई करने से टोकना महिला को भारी पड़ गया. दामाद ने अपनी सास की गला घोंटकर हत्या कर दी. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही फरार दामाद को गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला चिल्फी थाना के बहनाखोदरा का है. आरोपी अमर लाल खसरे की शादी की 17 वर्ष से हुई थी. आरोपी दामाद रोज शराब पीकर अपनी पत्नी से मारपीट करता था. शुक्रवार को भी दूसरे दिनों की तरह शराब पीकर अपनी पत्नी से मारपीट कर रहे अमर लाल को बगल में रहने वाली उसकी सास ने मना किया। इस पर आवेश में आकर दामाद ने सास की गला घोंटकर हत्या करने के बाद मौके से फरार हो गया. ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. हत्या के कुछ देर बाद हत्यारे दामाद को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है।



## शराब घोटाले में ईडी ने जब्त की पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर की करोड़ों की संपत्तियां

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा एवं अनवर ढेबर की संपत्तियां जब्त की है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आरोपियों की जब्त की गई संपत्तियों की जानकारी दी है. इसमें 18 चल और 161 अचल संपत्ति सहित 205.49 करोड़ रुपए की संपत्ति शामिल है. अनवर ढेबर के जब्त की गई संपत्तियों में होटल वैनिंगटन समेत कई बिल्डिंग शामिल है।

## समाज प्रमुखों से मिले सीएम साय, मांगा समर्थन, सरोज पांडेय को दी शेरनी की संज्ञा



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तूफानी चुनावी दौर कर रहे हैं. इस कड़ी में आज कोरबा में पचास से ज्यादा समाज के प्रमुखों के साथ लंबी चर्चा की. सीएम साय ने सभी समाज के प्रमुखजनों से कहा कि कोरबा की जनता सौभाग्यशाली है, जो सरोज पांडेय जैसी योग्य प्रत्याशी मिली है. उन्होंने सरोज पांडेय को शेरनी की संज्ञा दी।

सीएम साय ने समाज प्रमुखों से पीएम मोदी के दस साल के कामकाज की चर्चा करते हुए उन्हें फिर से प्रधानमंत्री बनाने को देश की जरूरत बताया. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने हर समाज की तरक्की की सदैव चिंता की है. अपनी सरकार पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार ने न्यूनतम समय में जनहित के फैसले लिए हैं, त्वरित निर्णय की ये गति सतत जारी रहेगी। सीएम साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 4 सीटों पर मतदान हो चुका है, शेष सीटों पर 7 को मतदान होना है. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी 11 सीटों पर हम जीतने जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी देश के गरीबों की चिंता दिन रात करते हैं. बतौर केंद्रीय राज्यमंत्री उनके साथ उन्हे काम करने का जब मौका मिला तो मोदी के देश के विकास और गरीबों के उत्थान के लिए काम करने की ललक को उन्होंने नजदीक से देखा. कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत, जिला संगठन प्रभारी गोपाल साहू उपस्थित थे।

# सुरक्षा में लगे जवानों से भरी बस पेड़ से टकराई



### बडी दुर्घटना टली

बताया यह भी जा रहा है कि जिस जगह हादसा हुआ है वहां पर दाहिने तारीफ घाटी थी अगर बस घाटी से नीचे गिरती तो बहुत बडा हादसा हो सकता था परंतु बस चालक के द्वारा सूझबुझ का परिचय देते हुए बांय तरफ बस को मोड दिया गया।

### बूथ देखने गए थे जवान - पुलिस अधीक्षक

रायगढ़ पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि कापू थाना क्षेत्र में बीएसएफ के 32 जवान बूथ देखने के लिये गए हुए थे। जिसकी बस अनियंत्रित होकर पेड से टकरा गई। सभी को धरमजयगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जिसमें से चार जवानों को बेहतर उपचार हेतु रायगढ़ मेडिकल कालेज लाया जा रहा है।

### इनको आई चोटें

1. हीरालाल, 2. जे. माखन, 3. एसएन सिंह, 4. विजयपाल, 5. विनोद उरांव, 6. एस के पाण्डयन, 7. रोशन कुमार, 8. एस के नाथ, 9. वेदप्रकाश, 10. केआर रघुनाथ, 11. गंगा राजू, 12. सुनील के अलावा 13. राजू शामिल है।

## 2 दर्जन से अधिक घायल

### कई जिला अस्पताल रेफर, प्रशासन ने हालातों का लिया जायजा





**रायगढ़।** शुक्रवार को रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र में एक बड़ी दुर्घटना की खबर सामने आई। जिसमें 32 सेना के जवानो से भरी हुई बस दुर्घटना का शिकार हो गई। इस घटना की खबर से हड़कंप मच गया। जिसके बाद सभी घायल जवानो को एम्बुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ लाया गया। जहां घायलों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। इस मामले के बारे में पुलिस से मिली अधिकारिक जानकारी बस में कुल 32 जवान सवार थे जिनमें से 24 घायल हुए हैं। वहीं, 13 की हालत गंभीर होने के कारण उन्हे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इस पूरे मामले को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक इस घटना में कई जवान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बस में सवार एक घायल जवान ने बताया कि सभी बस में चाल्हा की ओर चुनाव ड्यूटी के लिए बूथ देखने गए थे। जिसके बाद अन्य जगहों के बूथ देखने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि बस में लगभग 32 जवानो की संख्या थी। इस दौरान अचानक मोड़ पर ब्रेक फेल हो जाने के कारण बस अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में दो दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। वहीं, कुछ गंभीर रूप से आहत जवानों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इस दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन के आला अधिकारियों ने घायल जवानों से मुलाकात की। विदित है कि आसन्न लोकसभा चुनाव के लिए रायगढ़ सीट में आगामी 7 मई को मतदान होना है। चुनाव प्रक्रिया को शांति पूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।

### आला अधिकारियों ने जाना हालचाल

चुनाव प्रक्रिया में लगे जवानों से भरी हुई बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर के बाद स्थानीय प्रशासन के आला अधिकारी अस्पताल पहुंचे और आहतों का हालचाल जाना। एसडीओपी सिद्धांत तिवारी, एसडीएम डीगेश पटेल सहित अन्य अधिकारी घायल जवानों से मिले। इस दौरान उन्होंने समुचित उपचार को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बता दें कि जिस इलाके में यह घटना हुई है वह घने जंगलों व पहाड़ों से घिरा हुआ है। रोड पर कई जगहों पर गहरी खाई स्थित है। ऐसे में माना जा रहा है कि एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि जानकारी के मुताबिक कुछ जवान गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

### तकनीकी खराबी की वजह हुई घटना

बताया जा रहा है कि जवानों से भरी बस में अचानक तकनीकी खराबी आ गई थी और घाटी होनें की वजह से बस की रफ्तार में कंट्रोल नही हो सका और फिर बस पेड से जा टकराई और जवान घायल हो गए।

### ताश के पत्तों की भांति बिखर गई बस की कुर्सियां

शुक्रवार की सुबह बीएसएफ जवानों की बस पेड से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में बस के अंदर की कुर्सियां देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि बस की रफ्तार कितनी अधिक रही होगी और उसमें सवार को किस कदर चोट आई होगी। तेज रफ्तार बस के पेड़ से टकराने की घटना में बस के अंदर की अधिकांश कुर्सियां ताश के पत्तों की भांति बिखर गई है।

# तीसरे चरण के चुनाव को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज उत्साहित

### कहा- जनता कांग्रेस को जिताने का बना चुकी है मन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण के चुनाव को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज उत्साह से भरे नजर आ रहे हैं. उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में हमारा प्रचार अभियान चल रहा है. भाजपा और मोदी के खिलाफ में माहौल है. पहले और दूसरे चरण के बाद भाजपा के बयान से स्पष्ट है कि कांग्रेस की सरकार बन रही है. जनता कांग्रेस को जिताने का मन बना चुकी है. कांग्रेस के पक्ष में जबरदस्त माहौल है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कलाकार बताते हुए कहा कि उनसे बड़ा कोई कलाकार नहीं हो सकता है. बीजेपी ने पहला चुनाव काले धन को लेकर लड़ा. दूसरा चुनाव पुलवामा को लेकर लड़े. इस बार उनके पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए वे वे मुद्दे की बात नहीं कर कर केवल नाटक कर रहे हैं, इसलिए मैं कहता हूं कि वो कलाकार हैं। वहीं राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव के बयान पर दीपक बैज ने कहा कि राहुल गांधी देश के नेता हैं. वह जिस सीट पर लड़ना चाह लड़ सकते हैं. अरुण साव का बयान कोई मायने नहीं रखता है. वहीं राधिका खेड़ा के मामले पर जांच रिपोर्ट को लेकर बैज ने कहा कि अभी हमारे पास समय है, जल्द ही जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखे. मोदी कर्नाटक में आरोपी के खिलाफ में प्रचार करने जा रहे हैं, पहले बीजेपी उसका जवाब दे. हमारे इंटरनेशनल खिलाड़ी पीएम आवास के सामने सड़क पर बैठे रहे. अगर बेटियों की चिंता है तो पूछने क्यों नहीं गए?

### बेमन लड़ रहे बृजमोहन अग्रवाल

वहीं कैबिनेट मंत्री व बीजेपी लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को लेकर दीपक बैज ने कहा कि व्यक्तिगत रूप से पूछेंगे, तो बृजमोहन अग्रवाल बताएंगे कि वे चुनाव नहीं लड़ना चाहते, उन्हें बलि का बकरा बनाया गया है. वे बेमन से चुनाव लड़ रहे हैं, उनका लड़ने का मन नहीं था. जनता और उनके क्षेत्र के लोग चाह रहे हैं कि वही विधायक रहे. जनता बृजमोहन अग्रवाल को विधायक ही देखना चाहती है, इसलिए विकास उपाध्याय को सांसद बनाएगी।




# पति-पत्नी ने मिलकर खोली शराब की अवैध फैक्ट्री

### थोक में बेचते थे शराब, घर के तलघर में बनाते और छिपाकर रखते थे शराब

**बिलासपुर।** पति-पत्नी ने अपने घर में शराब बनाने की फैक्ट्री खोल ली. वहीं आसपास क्षेत्र में थोक में शराब की बिक्री करने लगे. पकड़े न जाए इसलिए घर के तलघर में शराब बनाते थे. पुलिस ने दंपती को गिरफ्तार कर 300 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की है। रतनपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम जाली में एक दंपति भारी मात्रा में शराब बनाकर बेचते है. जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम ने मौके पर छापामार कार्रवाई की. घर के अंदर घुसने पर पुलिस को सबकुछ समान्य लग रहा था. लेकिन पुलिस की टीम जब घर के नीचे तलघर में पहुंची, तो उसके होश उड़ गए. तलघर में शराब बनाने की पूरी फैक्ट्री लगी हुई थी. पुलिस को पता चला कि रतनपुर क्षेत्र के ग्राम जाली निवासी दीपक कुमार नेताम उर्फ बाबा पिता लखनलाल नेताम (35 वर्ष) और उसकी पत्नी पूजा नेताम (29 वर्ष) भारी मात्रा में शराब बनाते थे. वहीं आसपास के क्षेत्रों में थोक में शराब की बिक्री करते थे. मौके से पुलिस ने 300 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की है. रतनपुर पुलिस ने आरोपी दंपत्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

# पुलिसकर्मी को बेलन से कुचलकर मारने वाले आरोपी को सात साल का कारावास



**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** शराब के नशे में धुत्त सड़क निर्माण की ठेका कंपनी के बेलन चालक ने एक पुलिसकर्मी को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया था. वहीं दो लोगों को घायल कर दिया था. इस मामले में आरोपी बेलन चालक को एडीजे कोर्ट ने सात साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दरअसल पूरा मामला 29 जनवरी 2022 का है, जहां गौरेला के पॉवर हाउस रानी दुर्गावती तिराहे पर पुलिस विभाग में पदस्थ कोमल सिंह अपने साथी रोहित परस्ते के साथ बातचीत कर रहा था. इस दौरान अनिल बिल्डकॉन ठेका कंपनी का नाम लिखा रोड रोलर बेलन के चालक तेजी से बेलन को चलाते हुए आ रहा था, जिसे वहां ड्यूटी कर रहे आरक्षक प्रवेश जायसवाल ने रोकने की कोशिश की पर बेलन चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सड़क किनारे खड़े आरक्षक कोमल सिंह और रोहित परस्ते को ठोकर मारते हुए बिजली के खंभे से जा टकराया. इस हादसे में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी। बेलन चालक नानदाउ उर्फ कुंदरू यादव निवासी जिला डिंडौरी मध्यप्रदेश अत्यधिक शराब के नशे में चूर था. हादसे के बाद लोगों में नाराजगी देखी गई थी और काफी भीड़ भी लग गई थी. इस मामले में फैसला सुनाते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पेंड्रारोड किरण थवाईत ने आरोपी बेलन चालक नानदाउ उर्फ कुंदरू यादव को भारतीय दंड संहिता की धारा 304 भाग 2 के तहत 7 साल के सश्रम कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है. वहीं धारा 308 के तहत 5 साल के सश्रम कारावास की सजा और 3 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है. वहीं मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 185 के तहत 4 माह के सश्रम कारावास और 2 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है. अर्थदंड की अदायगी में चूक होने पर उक्त तीनों धाराओं के अपराध में क्रमशः 6 माह, 4 माह और 20 दिन के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी. मामले में शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक पंकज नगायच ने पैरवी की.

# आईपीएल मैच के 6 सटोरिये गिरफ्तार, सायबर सेल और पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

**कबीरधाम।** छत्तीसगढ़ के कई जिलों में आईपीएल क्रिकेट मैच के चलते सट्टेबाजी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। आज यानि शुक्रवार को प्रदेश के कवर्धा जिले में सायबर सेल ने सट्टेबाजों पर कड़ी कार्रवाई की है। बता दें, कबीरधाम पुलिस और सायबर सेल ने टीम गठित कर मुखबिरों की मदद से आईपीएल मैच पर सट्टा खिलाने वालों की कवर्धा, पिपरिया, पाण्डातराई क्षेत्र में पतासाजी कर रेड कार्यवाही की है। पुलिस ने मौके से मैच में सट्टा लगाते 6 सटोरियों को गिरफ्तार कर जुए का केस दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में अमित चंद्रवंशी, पिता- शिवकुमार चंद्रवंशी, ग्राम- खरहट्टा, थाना- पाण्डातराई (थाना पाण्डातराई में कार्यवाही), अजय चंद्रवंशी, पिता- शत्रुहन चंद्रवंशी, ग्राम- लखनपुर, थाना पिपरिया (थाना पिपरिया में कार्यवाही), जगतारण सोनवानी, पिता- सरजू सोनवानी, साकिन-जमुनिया, थाना कवर्धा (थाना कवर्धा में कार्यवाही), मुकेश ठाकुर, पिता- भगवान सिंह ठाकुर, साकिन, सांरगपुरखुर्द, थाना कवर्धा (थाना कवर्धा में कार्यवाही), चन्द्रहास चंद्रवंशी, पिता- अजय चंद्रवंशी, साकिन, कुसुमघटना चौकी पोड़ी, थाना बोड़ला (चौकी पोड़ी में कार्यवाही), मुकेश जायसवाल, पिता- रोशन जायसवाल, साकिन वार्ड नंबर 02, रामनगर कवर्धा (चौकी बाजार चारभाठा में कार्यवाही) शामिल हैं।



RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS
अम्बिकापुर, शनिवार, 04 मई 2024


# भ्रष्टाचारी पूर्व मुख्यमंत्री हो या आम आदमी, गलत किया तो जाना पड़ेगा जेलः मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

## नक्सलियों के खिलाफ मिली बड़ी सफलता

नक्सलियों के खिलाफ मिली बड़ी सफलता के बात पर सीएम साय ने कहा कि इसका श्रेय तो डबल इंजन सरकार को जाता है, जिसके तहत हम मजबूती से लड़ पाए हैं और केंद्र से बहुत सहयोग भी मिला है। प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री ने नक्सलवाद खत्म करने का संकल्प लिया है। प्रदेशवासियों ने देखा है कि पिछले 3 महीने में लगातार नक्सली मारे जा रहे हैं, आत्मसमर्पण भी कर रहे हैं और ये बड़ी सफलता हमारे सैनिकों को मिल रही हैं। एक सवाल के जवाब में विष्णु देव साय ने कहा कि आज पूरे देश में भाजपा के प्रति और मोदी जी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। पहले कांग्रेस वर्सेज ऑल होते थे आज बीजेपी वर्सेज ऑल है। ये हम लोगों का अचीवमेंट है। सही मायने में भाजपा में लोकतंत्र है, कार्यकर्ताओं का सम्मान है। प्रत्येक 3 साल में पदाधिकारी बदल जाते हैं। एक हमारे जैसे छोटे से गांव का व्यक्ति, किसान का बेटा मुख्यमंत्री बन सकता है, चाय बेचने वाले का बेटा देश का प्रधानमंत्री बन सकता हैं। ये सब कुछ भारतीय जनता पार्टी में ही संभव हैं।



**रायपुर।** 2018 विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस पार्टी ने लोकलुभावन जन घोषणा पत्र जारी किया था, जिसमें 36 वादे थे, उनको पूरा समय मिला सरकार चलाने का लेकिन, एक भी वादा पूरा नहीं कर पाए. साथ ही 5 सालों में कांग्रेस पार्टी ने छत्तीसगढ को अपराध और भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया था. कोयला, बालू, शराब, डीएमएफ राशि में घोटाला जैसे बहुत से घोटाले कर जनता के विश्वास से उतर चुकी थी. भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने शीर्ष एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर एकजुट होकर काम किया, जिसके कारण हमें अच्छी सफलता मिली. ये बातें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक साक्षात्कार में कही। सीएम साय ने कहा कि विधानसभा चुनाव के 6 महीने पहले तक लग रहा था कि कांग्रेस की सरकार रिपीट होगी, लेकिन हमारी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आशीर्वाद प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सभी केंद्रीय मंत्रियों का लगातार प्रवास छत्तीसगढ़ में रहा. साथ ही जनता का विश्वास बीजेपी और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति बहुत बढ़ा, जिससे हम चुनाव जीत गए. प्रदेश की पूरी सीटें जीतने के सवाल पर साय ने कहा कि पहले 2 बार के चुनाव में 11 में से 10-10 सीटें हम लोग जीत चुके हैं. पिछले विधानसभा चुनाव में 15 सीटों पर आ गए थे, लेकिन वहीं 5- 6 महीने बाद जब लोकसभा चुनाव हुए तो 11 में से 9 सीट एवं विधानसभा की दृष्टि से 65 सीटें बीजेपी ने जीती थी।

## घोटालेबाजों को बख्शे नहीं जाएंगेः साय

घोटालेबाजों के जेल जाने के सवाल पर साय ने कहा कि पिछले पांच साल में जो शराब, कोयला, डीएमएफ फंड सहित बहुत से भ्रष्टाचार हुए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री पर भी जो महादेव ऐप में प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप है, एफआईआर भी हुई है। सभी की लगातार जांच चल रही हैं। पीएससी घोटाला एवं बिरनपुर हत्याकांड की जांच भी सीबीआई ने शुरू कर दी है और जो भी दोषी पाए जाएंगे वो बख्शे नहीं जाएंगे। पीएम मोदी पर कांग्रेस नेताओं द्वारा अनर्गल बयानबाजी के सवाल पर सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस मुद्दाविहीन हो गई है। उनको हार स्पष्ट नजर आ रहा है इसलिए उनको जो बातें नहीं कहनी चाहिए वो बातें भी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जैसे व्यक्ति के खिलाफ कांग्रेस नेता अनर्गल बातें कर रहे हैं। लेकिन इससे हम लोगों को ही फायदा होगा क्योंकि देश की जनता ये सब स्वीकार नहीं करती है। विष्णु देव साय ने कहा कि विनम्र होना और कड़ाई से रूल करना दोनों अलग-अलग चीज है। विनम्र है इसका मतलब ये नहीं हैं कि सरकार भी उसी तरह से चलेगी। हम विनम्र जरूर हैं, लेकिन आज हमारे तीन महीने के कार्यों का का मूल्यांकन करिए। आज किस तरह नक्सलवाद से लड़ रहे हैं, किस तरह निर्णय ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ के हित में जनहित में यदि कठोर से कठोर निर्णय भी लेना पड़ेगा तो हम उसमें भी सक्षम हैं।

### बीजेपी से डरे हुए हैं सभी पार्टियों के लोगः सीएम

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बाकी सभी पार्टियों के लोग बीजेपी से डरे हुए हैं। इन सभी ने भ्रष्टाचार किया है और इनको लगता है बीजेपी फिर सरकार में आई तो इन सब लोगों की जगह जेल होगी। यहीं कारण है कि इनके न इनके विचारों में तालमेल है न ही इनका ग्राउंड लेवल पर कोई कनेक्शन है। इसके बावजूद भी ये सब एक होके सिर्फ और सिर्फ भाजपा और मोदी जी को नीचे दिखाना चाहते हैं, लेकिन इस मंसूबे में वो कभी कामयाब नहीं होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ऊपर एफआईआर को उनके द्वारा गलत बताए जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये तो अब वो ही जाने, एजेंसियां तो जांच कर रही है। आगे वो दोषी पाए जाते हैं तो कानून सबके लिए बराबर हैं चाहे कोई पूर्व मुख्यमंत्री हो या एक आम आदमी। आरोप सिद्ध होंगे तो जेल तो जाना पड़ेगा।

# राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने की उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताई वजह

## कहा- इसलिए दोबारा अमेठी जाने की हिम्मत नहीं




**रायपुर।** राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस पार्टी की राजनीति रही है, यह परिवार से बाहर सोच नहीं सकती है. जनता को धोखा दिया है, इसलिए दोबारा अमेठी जाने की हिम्मत नहीं है।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि अमेठी से भागे राहुल गांधी वायनाड गए, वहां की जनता ने भी भगाया, अब रायबरेली गए हैं, वहां की भी जनता तैयार बैठी है, उन्हें विदा करने के लिए। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा को न्याय नहीं मिलने पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस की इतनी बड़ी नेता न्याय के लिए तरस रही है. कांग्रेस भवन में बेटी सुरक्षित नहीं है. कांग्रेस न्याय का दिखावा कर रही है. कांग्रेस में एक ही बेटी है, वहां सिर्फ उनके लिए ही सोचा जाता है. राधिका खेड़ा को न्याय नहीं मिलेगा.

# राजधानी के चोर गिरोह का भंडाफोड़, शादी और सूने मकानों से लाखों की चोरी करने वाले 4 शातिर गिरफ्तार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में लगातार चोरी के मामले सामने आ रहे हैं। टिकरापारा और पुरानी-बस्ती क्षेत्र से बीते दिनों 15 लाख से अधिक की चोरी हुई थी। रायपुर पुलिस ने चोरी के 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में शेख आलम उर्फ ठेला, पिता- शेख हैसेयर, उम्र- 23 साल-, पता- ईदगाह भाटा तुर्की तालाब के पीछे, थाना आजाद चौक रायपुर, मोहम्मद सैफी उर्फ रजा, उम्र- 20 साल, पिता- मोहम्मद सराफत, लाखे नगर ईद गाह भाटा, बड़ी ईदगाह रायपुर, शेख सोहेल उर्फ पैतीस, पिता- शेख मुकद्दर, उम्र- 23 साल, ईदगाह भाटा, इस्लाम नगर रायपुर शामिल हैं।

### सिक्का के खिलाफ 20 से ज्यादा मामले दर्ज

एडिशनल एसपी क्राईम संदीप मित्तल ने प्रेस कांफ्रेंस कर मामले की जानकारी दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी राजू सिक्का समेत 4 आरोपी विवाह कार्यक्रम और सूने मकान से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। आरोपी राजू सिक्का के खिलाफ अब तक 20 से अधिक चोरी के मामले दर्ज हैं।

### सूने मकान से 12 लाख की चोरी

राजू सिक्का ने लक्ष्मी नगर झण्डा चौक स्थित एक सूने मकान में लाखों रूपये के जेवरात एवं नगदी रकम की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस वारदात में आरोपी ने चोरी की एक्टिवा (सी जी/04/पी आर/9928 ) का इस्तेमाल किया था, जिसकी रिपोर्ट सिविल लाईन थाने में दर्ज कराई गई थी। रायपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 12 लाख रुपए के चोरी की रकम, सामान और एक्टिवा को जब्त कर लिया है।

### शादी कार्यक्रम से सोने चांदी सहित लाखों रुपए पार

रायपुर पुलिस ने लाखेनगर में विवाह कार्यक्रम से हुए चोरी के 3 आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपियों ने मिलकर विवाह स्थल से सोने चांदी के जेवरात और कैश से भरे बैग की चोरी कर फरार हो गये थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 3 लाख 20 हजार रूपये के कीमत के सामान और कैश जब्त कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ पहले से मारपीट का केस भी दर्ज था।

# दूषित पानी का असरः 30 से ज्यादा लोग आए पीलिया की चपेट में

## सभी अस्पताल में भर्ती, स्वास्थ्य विभाग की टीम हुई एक्टिव

**बिलासपुर।** शहर के डीपूपारा, तारबाहर इलाके में एक बार फिर से दूषित पानी पीने से 30 ज्यादा लोग बीमार पड़ गए हैं. इनमें पीलिया और डायरिया का प्रकोप पाया गया है. इस क्षेत्र में बीते दो दिन में पीलिया के 30 मरीज मिले हैं. सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. लोगों के अचानक बीमार पड़ने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है. स्वास्थ्य विभाग के सर्वे में पीलिया और डायरिया दोनों से पीड़ित मरीज मिल चुके हैं. वहीं विभाग ने सैंपल लेकर सिम्स में जांच के लिए भेजा है। शहर में अमृत मिशन के जरिए खूंटाघाट डेम से आने वाला पानी सप्लाई किया जा रहा है. जिसकी वजह से कई इलाकों में लोग बीमारी का शिकार होने लगे हैं. डीपूपारा, तारबाहर में 23 मरीज पीलिया से पीड़ित पाए गए. वहीं कुछ मरीजों को डायरिया की शिकायत भी है. स्वास्थ्य विभाग के डाक्टर और कर्मचारियों ने सर्वे कर सभी मरीजों को दवा का वितरण किया है. साथ ही पानी की सफाई के लिए क्लोरिन भी बांटी जा रही है.





अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212




स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547